संक्षिप्त

छात्राओं को साईकिलें मिली

सावरदा । अखेपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के महेशपुरा में स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को दिनांक कक्षा 9 की अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई ।निः शुल्क साईकिल प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क साईकिल वितरण समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में साइकिलें वितरित की गई ।इस अवसर पर संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार धोबी ,विजय लाल चलावरिया, श्रीमती जीतू सिंह गौड ,राजेंद्र कुमावत,समुद्रपुरी गोस्वामी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ब्रह्मा देवी व सहायिका उपस्थित रहे।

ज्वैलरी लूटने का मामला दर्ज

मानपुरा माचेड़ी । चंदवाजी थाना इलाके में कंवरपुरा के पास एक ज्वैलर की बाइक बीच रास्ते रोक कर बाइक सवार तीन युवकों द्वारा ज्वेलरी से भरा बैग लूटने का मामला प्रकाश में आया है।इस सम्बंध में रिपोर्ट के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हैं। चंदवाजी थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक बन्ने सिंह ने बताया कि ग्राम चिताणु निवासी रमेश कुमार कुम्हार पुत्र ग्यारसीलाल(32) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं कि उसकी ग्राम कंवरपुरा में ज्वेलेरी की दुकान है बुधवार को साय करीबन 5 बजे वह दुकान से एक बैग में 5 मंगलसूत्र, 3 टोपस, 2 किलो की चांदी की पायल लेकर गांव जा रहा था। जब वह बाइक से कंवरपुरा नदी कि ढलान पर पहुंचा तो पिछे से एक अपाची बाइक पर तीन लड़के आये और उसकी बाइक को रुकवा लिया और उसके सिर पर बन्दुक कि मारी और उसके बैग को छीन कर ले गए। उसके सिर में व माथे पर चोट लगी है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

व्याख्यान माला का आयोजन

दूदू । निकटवर्ती पड़ासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट टीटी कॉलेज के सभागार में विश्व मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रमुख वक्ता डॉक्टर निम्मी महर्षि डॉक्टर सुमन डॉक्टर ज्योति पारीक डॉ आराधना पाठक द्वारा मानव के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसी दिन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की गई थी तथा कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

सीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के लिए फार्म शुरू

शाहपुरा । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इन्दिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क आरएस - सीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के करने के लिए आवेदन पत्र भरना चालू है। सिस्टम इन्फोटेक शाहपुरा के निदेशक हरि नारायण सैनी ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के लिए निशुल्क कम्प्यूटर कोर्स करने का सुनहरा मौका है। आवेदन करने के लिए सिस्टम इन्फोटेक शाहपुरा में संपर्क कर सकते है।

सुलभ शौचालय बनवाने की मांग

नारायणपुर । कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानदार व ग्रामीणों ने सुलभ शौचालय बनवाने की मांग की हैं। ग्रामीण लीलाराम सैनी, विक्रम गुर्जर ने बताया कि बाजार में दूर-दराज से आने वाले लोगों को शौच के लिए पुरुषोत्तम मार्केट से मुख्य बस स्टैण्ड के बीच में कही पर भी सुलभ शौचालय नही होने पर दुकानदार, महिला और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। जिसके चलते महिला व पुरुषों को सड़क किनारे या फिर खुले में शौच करना पड़ रहा हैं।

51 किट किए वितरित

श्रीमाधोपुर। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में राज्य सरकार द्वारा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 10 और 12 की व्यावसायिक शिक्षा की " ब्यूटी और वैलनेस " ट्रेड की 51 छात्रों को किट वितरित किए गए। प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह के अनुसार इस अवसर पर स्थानीय पार्षद महावीर प्रसाद ठठेरा, एसडीएमसी सदस्य विष्णु कुमार मिश्रा एवं प्रहलाद सोमानी, उषा नारायण , सह प्रभारी सरिता देवी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

जिला विकास प्रदर्शना व पंच गौरव का हुआ भव्य शुभारम्भ

अलवर । राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को सूचना केन्द्र (पीआरओ ऑफिस) में जिला विकास प्रदर्शनी व पंच गौरव का शुभारम्भ रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग वैभव गालरिया, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर किया तथा जिला विकास पुस्तिका, पंच गौरव के तहत चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया तथा प्रेसवार्ता में राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अतिथियों ने विकास प्रदर्शनी एवं पंच गौरव प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विगत एक वर्ष में

जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, वैभव गालरिया, डॉ. आर्तिका शुक्ला ने फीता काटकर किया

विभिन्न विभागों द्वारा फ्लैगशिप तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है।

विकास प्रदर्शनी में पंच गौरव व सेल्फी पॉइंट रहा आकर्षण का केंद्र

जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी में जिले के पंच गौरव की स्टॉल लगाई गई जिसमें एक जिला एक खेल के तहत अलवर जिले के लिए चयनित खेल कुश्ती की स्टॉल पर युवा पहलवानों द्वारा कुश्ती का लाइव डेमो

- 'जिला विकास पुस्तिका' का हुआ विमोचन,

दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसी प्रकार एक जिला एक उत्पाद के तहत ऑटो कम्पोनेंट की स्टॉल लगाई गई जिसमें जिले के ऑटो कम्पोनेंट उत्पादों की जानकारी देकर बताया गया कि जिले के ऑटो कम्पोनेंट उत्पाद विश्व के कई देशों में निर्यात किए जाते हैं। इसी प्रकार एक जिला एक डेस्टिनेशन (पर्यटन स्थल) के तहत पर्यटन विभाग द्वारा टाईगर रिजर्व सरिस्का की स्टॉल लगाई गई तथा एक जिला एक प्रजाति के रूप में चयनित अर्जुन के लिए वन विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर अर्जुन वृक्ष के महत्व के बारे में विस्तार से दर्शाया गया। एक जिला एक उपज के तहत जिले की उपज के रूप में चयनित प्याज की स्टॉल लगाई गई जिसमें जिले में प्याज के उत्पादन व विक्रय के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रदर्शनी में लगाए गए सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें प्रभारी सचिव, जिला कलक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने फोटो खिंचवाई। पंच गौरव के तहत चयनित उत्पादों एवं उपज के क्षेत्रा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गोसंवर्धन मंच से महन्त श्रीश्री 108 श्री गंगादास वेदाती जी महाराज, पर्यटक गाइड निरंजन सिंह राजपूत, ड्रीप द्वारा खेती करने पर अयूब खां, हैवी इंजीनियर्स कम्पोनेंट के लिए राहुल गुप्ता एवं कुश्ती के लिए जिला केसरी अवार्ड से सम्मानित लड्डू को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने दी कार्यवाही की चेतावनी

मालपुरा । निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के आदेशो के बावजूद मालपुरा शहरी व ग्रामीण क्षैत्र मे संचालित निजी विद्यालय संचालको द्वारा कडाके की सर्दी पडने के बावजूद विद्यालयो का संचालन पूर्ववृत ही किये जाने की मिली जानकारी पर बुधवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर दी कार्यवाही की चेतावनी।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने आदेश जारी करते हुये मालपुरा ब्लॉक के सभी निजी विद्यालय संचालको को निर्देशित किया गया कि विभाग द्वारा जारी शिविरा कलेण्डर के अनुसार ही विद्यालय का संचालन किये जाने की सुनिश्चित्ता करे। यदि निरीक्षण के दौरान सरकारी आदेश व शिविरा कलेण्डर का उल्लघंन करते पाये जाने पर सम्बन्धित विद्यालय के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वंय संस्था प्रधान की होगी।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन व जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन

कोटपूतली। राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने गुरूवार को कोटपूतली में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न स्थलों का जायजा लिया । मंत्री चौधरी ने सर्वप्रथम पंच गौरव स्टॉल का अवलोकन करते हुए जिले के पांच गौरव के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंच गौरव पर विशेष रूप से ध्यान देने एवं उसके समुचित विकास को सुनिश्चित करने हेतु इन 5 तत्वों को जिले के पंच गौरव के रूप में मान्यता देते हुए नवीन कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके उपरांत पांच गौरव प्रतियोगिता के तहत एक सांकेतिक कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर उनकी

प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रभारी मंत्री विजय चौधरी व विधायक हंसराज पटेल।

हौसला आफजाई की गई ।

इस दौरान मंत्री चौधरी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान उन्होंने स्वयं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए रक्तचाप का परीक्षण भी करवाया इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अवलोकन के दौरान चौधरी ने राज्य सरकार के 1 वर्ष की वर्षगांठ पर बनाए गए बाजरे के केक को काटकर लोकल फोर लोकल नारे को बुलंद करते हुए सभी नागरिकों से महिला समूह तथा राजीविका निर्मित स्वदेशी उत्पादों के उपयोग करने के लिए आवाहन किया।

इससे पूर्व राजस्व राज्य मंत्री ने रन फोर विकसित राजस्थान कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं स्वयं दौड़ में शामिल होकर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से अग्रसेन सर्किल होते हुए एलबीएस कॉलेज में जाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान उन्होंने तृतीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में 238 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सोपा तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान जिले के प्रभारी सचिव (पै) वासुदेव मालावत आयुक्त देवस्थान विभाग, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, विधायक हंसराज पटेल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओ व बच्चों पर जानलेवा हमला करने व मारपीट का मामला दर्ज

पावटा। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के वीर तेजाजी नगर बडनगर मे महिलाओ व बच्चो पर जान लेवा हमला करने व उनका अपहरण कर सुनसान जगह पर ले जाकर उनसे मारपीट, अभ्रदता और लज्जा भंग करने व लूट का मामला सामने आया है। दीपक सैनी पुत्र श्री रामजीलाल सैनी, जाति माली, निवासी सी. 65 बी. बेदवीला कॉलोनी सी स्वेज फार्म रामनगर विस्तार सोडाला जयपुर हाल निवासी वीर तेजाजी नगर बडनगर

- पीडित परिवार को न्याय व महिलाओं के समान के लिए प्रागपुरा थाने के बाहर धरना प्रदर्शन

तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड ने रिपोर्ट में बताया कि 11 दिसबर की दोपहर करीब 11 बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। उस समय घर पर महिलाएँ बच्चे अकेले थे। इस दौरान वहां पर 5 कैंपर गाडिया आई जिनमे धोलूराम जाट, जयराम जाट, हेमन्त, रामनिवास अपने साथ हाथों में लाठी, डंडे, हॉकी, बन्दूक, लोहे के पाईप, अन्य हथियार सहित 35-40 बदमाश लोगों को लेकर आये,

ग्रमीणों ने प्रागपुरा थाने के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

जिनमें से 5-7 व्यक्ति जिनको हम लोग जानते है, जिनके नाम लीलाराम, गोदराज, सिंघराम, नितेन्द्र, विंदायक सैन आते ही हमारे घर में घुसकर सभी ने मेरे परिवार कि महिलाएँ व बच्चों गंगा देवी पत्नि स्व. बुद्धीलाल सैनी, सीता देवी पत्नी रामजीलाल सैनी, सोनू सैनी पत्नी मनीष सैनी, सिमरन सैनी पुत्री ब्रजमोहन सैनी, रोहित सैनी पुत्र शीशराम सैनी, मीरा देवी पत्नि बाबुलाल सैनी व बाबुलाल सैनी पर जानलेवा हमला कर दिया।

वही महिलाओं के साथ अभद्रता की, गांव बस्ती के सामने महिलाओं कि लज्जा भंग की तथा जबरन बन्दूक की नोक पर गंगा देवी, सीता देवी, सोनू सैनी, सिमरन सैनी, रोहित सैनी को अपहरण कर ले गये तथा लाडाकाबास नदी में सूनसान जगह पर ले जाकर गभीर मारपीट की, बदनीयती से महिलाओं के कपडों को फाड दिय।

सभी ने नदी में महिलाओं के साथ गलत करने कि कोशिश की तथा अन्त में महिलाएँ बेहोश हो गयी तो ये लोग इनके आभूषणो को निकालकर फरार हो गये। ये सभी बदमाश व्यक्ति है। वही प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने जाकर घायलो को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पावटा में भर्ती करवाया, जहाँ इनकी हालात गभीर होने के कारण इनको जयपुर के लिए रैफर कर दिया।

पीडित परिवार ने बताया कि लोग पहले भी हमारे साथ कई बार मारपीट कर चुके है, जिसकी सूचना लिखित में पुलिस थाना प्रागपुरा में दी जा चुकी थी।

अचरोल सब्जी मंडी के पीछे अवैध कॉलोनी का निर्माण

अचरोल । अचरोल कस्बा एक तेजी से विकसित होता क्षेत्र, इन दिनों चर्चा में है। यह चर्चा किसी प्रगति या विकास कार्य की नहीं, बल्कि एक गंभीर समस्या को लेकर हो रही है। अचरोल सब्जी मंडी के पीछे बाई तरफ अवैध कॉलोनी का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह निर्माण स्थानीय प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। अवैध कॉलोनियों का निर्माण केवल अचरोल ही नहीं, बल्कि पूरी आमेर तहसील में एक बड़ी समस्या बन चुका है। इन कॉलोनियों का निर्माण बिना किसी सरकारी अनुमति, मानचित्र स्वीकृति और नियमों का पालन किए किया जा रहा है।

अचरोल सब्जी मंडी के पीछे बाई तरफ बन रही कॉलोनी में न तो सड़क की उचित व्यवस्था है, न जल निकासी का प्रबंध, और न ही अन्य बुनियादी सुविधाएं। बावजूद इसके, भू-माफिया इस इलाके में प्लॉट काटकर बेच रहे हैं और भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की भूमिका इस मुद्दे में बेहद संदिग्ध नजर आ रही है। बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या प्रशासन जानबूझकर इस समस्या की अनदेखी कर रहा है या फिर यह भू-माफिया के साथ मिलीभगत का परिणाम है। नियमों के अनुसार, अवैध कॉलोनी पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और निर्माण कार्य को रोकना चाहिए। लेकिन यहां प्रशासन की निष्क्रियता ने जनता को निराश किया है। अवैध कॉलोनियों का निर्माण न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पर्यावरण और सामाजिक ढांचे पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। इस क्षेत्र में जल निकासी और सीवरेज सिस्टम की कमी के कारण बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

साथ ही, अंधाधुंध निर्माण पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ रहा है। इस अवैध निर्माण से स्थानीय निवासी काफी परेशान हैं। उनका कहना है कि अगर प्रशासन अभी कार्रवाई नहीं करेगा, तो भविष्य में यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। और प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। इस समस्या का समाधान प्रशासन की तत्परता और सख्ती में छिपा है। सबसे पहले, अवैध कॉलोनी निर्माण पर रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसे निर्माण कार्यों को रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और उन्हें लागू किया जाए।

डॉ. सतीश पूनिया ने किया मीटिंग हॉल व कक्षा-कक्ष का लोकार्पण

मानपुरा माचेडी ।भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा प्रभारी पूर्व विधायक आमेर डॉ सतीश पूनिया ग्राम बिलोंची स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक बिलोंची में पूर्व विधायक कोटे से 20लाख की लागत से बने मीटिंग हाल और कक्षा-कक्ष लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि डॉ सतीश पूनिया थे। अध्यक्षता आमेर उपखण्ड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने की। ग्राम बिलोंची सरपंच मामराज गुर्जर डॉ गणपत वर्मा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा आमेर विकास अधिकारी दीनबंधु सुरोलिया पंचायत समिति सदस्य मुंशीराम गुर्जर ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष घनश्याम सेपट आमेर एसीबीइयो बृजभूषण चौहान पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह शेखावत बिलोंची संस्कृत विधालय प्रधानाचार्य डॉ महेश दोतोलिया शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मदन मीना थे। प्रधानाचार्य

विधायक आमेर पूनिया ग्राम बिलोंची में 20लाख की लागत से बने मीटिंग हाल और कक्षा-कक्ष लोकार्पण किया।

राजकुमार बुनकर इंद्रेश ने आंगतुक अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय में कला संकाय खुलवाने की मांग की। मुख्य अतिथि डॉ सतीश पूनिया ने कहा की विधायक कोष से एक साथ 20 लाख रूपये बिलोंची गांव में दिये बच्चे छोटे है आगे जाकर ये देश की ताकत बनेंगे। शिक्षा के माध्यम से ही सर्वांगीण विकास सम्भव है आज इनमे सबसे जरूरी शिक्षा है। डॉ पूनिया ने बिलोंची में कला संकाय खुलवाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने डॉ पूनिया को श्रीगोविंदपुरा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में दो कक्षा कक्षों के निर्माण बिलोंची में कला संकाय खुलवाने रेगर मोहल्ले से गोमती नदी श्मशान घाट तक सीसी सड़क बनवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

डॉ पूनिया ने सीएससार फंड और राज्य सरकार से कमरा निर्माण का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने डॉ सतीश पूनिया का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक जगदीश मुवाल व्याख्याता कमलेश कुमार शिक्षक बलराम मीना हरफुल जाट भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापत कजोड़ मल जाट नरेन्द्र जाट रामनाथ डोड़वाड़िया पंकज बालुका रामपाल नटवाडिया मंडल अध्यक्ष सोहन महाराज सुनील मीना संजय पहाड़िया लल्लूलाल योगी गुलाब चौधरी प्रताप सिंह मीना रामनिवास जाट दिनेश चंदिजा रतन चौधरी सुरेन्द्र बारहट मदन गुर्जर सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

लाभार्थी सम्मेलन में 2500 लोग जयपुर पहुंचेगे

किशनगढ़बास। भाजपा विधानसभा कार्यालय किशनगढ़बास पर प्रदेश सरकार के सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पण के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 17 दिसंबर 2024 को जयपुर में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने बताया कि लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जयपुर आयेंगे इस अवसर पर किशनगढ़बास विधानसभा से 45 बसो से लगभग 2500 लोग 17 दिसम्बर को जयपुर में शामिल होंगे। विशेष रूप से, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए बसों की व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बैठक में पांचो मण्डलो के मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद थे जिनसे पूर्व विधायक रामहेत यादव संगठन पर्व 2024 के तहत चल रहे संगठन चुनाव के लिए बूथ समिति गठन कार्य की भी विवेचना की।

सार-समाचार

रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन

टोंक। राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को रन फॉर विकसित राजस्थान 2024 का आयोजन हुआ। रन विवेकानंद सर्किल, गांधी खेल मैदान से शुरू होकर रोडवेज डीपो चौराहा, नेहरू पार्क होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम पहुंची। इसे देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विकसित भारत विकसित राजस्थान के संकल्प से युवाओं में उत्साह नजर आया। रन में पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसम्पर्क कर्मी रिजवान अनीस, जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार, सीडीईओ सुशीला करनानी, डीईओ मीना लसारिया, एडीईओ चौथमल चौधरी, महिला एवं बाल विकास के पवन कुमार शर्मा, विभिन्न राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह, राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

उपखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई

गोविंदगढ़। अलवर गोविंदगढ़ कस्बे में हर महीने के द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन हुआ शिविर का आयोजन पंचायत समिति परिषद गोविंदगढ़ गांधी पार्क में हुआ शिविर की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी ने की सुभाष यादव तहसीलदार राजेन्द्र यादव मौजूद रहे ।विकास अधिकारी पंचायत समिति कार्यवाहक लेखराज सैनी शिविर 10:00 बजे से सुबह 4:30 बजे तक कुल 18 परिवेदनाऐ प्राप्त हुई जिसमें 2 परिवेदनाओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया 16 परिवेदनाऐ लंबित रही गोविन्द गौतम द्वारा रामबास में खाटू श्याम नगर सेमला रोड़ पर है। हो रहे अवैध मकानात निर्माण एवं बोरवेल को रुकवाने के सम्बंध में परिवाद दिया गया है। अब देखने कि बात यह है कि प्रशासन क्या करता अवैध निर्माण कार्य रुकता है या नही यह मामला सन 2022 से चल रहा । जिसमें राजस्व विभाग, रसद विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वायत्त शासन विभाग पशुपालन विभाग नगर पालिका गोविंदगढ़ विद्युत विभाग कृषि विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग स्वास्थ्य विभाग पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग नगर पालिका गोबिंदगढ़ के अधिकारी व 700 कर्मचारी मौजूद रहे घुमंतु समुदाय विमुख घुमंतू एवं अर्धघुमंतु हेतु शिविर आयोजन 2 दिसंबर 2024 से 13 दिसंबर 2024 विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु हेतु तक आधार कार्ड जन आधार कार्ड, वोटर कार्ड आईडी, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र ,एवं राशन कार्ड आदि दस्तावेज हेतु बनाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं जो कि 2 दिवस चलेगा ।. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में विधायक सुखवंत सिंह द्वारा मुख्यमंत्री निशुल्क टैबलेट एवं साइकिल वितरण कार्य का शुभारंभ किया जिसमें विधायक रामगढ़ सुखवंत सिंह द्वारा सरस्वती माता को दीप प्रचलित कर एवं फीता काटकर मेधावी छात्र एवं छात्राओं को जिसमें पांच टैबलेट वितरित किए गए और 10 साइकिल लिए छात्राओं को वितरित की गई

व्याख्यान माला का आयोजन

निवाई। राजकीय महाविद्यालय निवाई में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षाए जयपुर के आदेशानुसार शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर उषा बागडी ने कहा कि प्राचीन काल में भारतीय शिक्षा प्रणाली में ज्ञानए परंपराएं और प्रथाएं मानवता को प्रोत्साहित करती थी। आज के तकनीक के युग में युवाओं को प्राचीन ज्ञान से जोडऩे की महती आवश्यकता है। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विकास नोटियाल ने विद्यार्थियों को आत्म ज्ञान व वैदिक परम्परा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट वक्ता डॉण्मंजूलता शर्मा ने गुरुकुल पद्धित और भारतीय ज्ञान परम्परा के समृद्ध ज्ञान, प्रज्ञा और सत्य की खोज पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल, डॉ प्रभा गुप्ता, डॉ सोना अग्रवाल, डॉ रूपा चौधरी, राजेश कुमार मीना सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पब्लिक ईमेज प्रोजेक्ट का किया अवलोकन

मालपुरा, (निस) रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा किये जा रहै पब्लिक ईमेज से जुडे कार्यो की जांच को लेकर गुरूवार को मालपुरा पहुंची जयपुर रोटरी कोहिनुर से टीम ने प्रोजेक्ट के कार्यो का किया अवलोकन। टीम मे शामिल सुनिल दिवेदी व जयपुर मेट्रो से आभा दिवेदी ने मालपुरा पहुंच रोटरी पवन जैन संगम व रोटरी भागचन्द जैन सहित क्लब परिवार सदस्यो से मिल आवश्यक चर्चा करते हुये रोटरी परिवार द्वारा करवाये गये एवं करवाये जा रहै सेवा कार्यो का फिडबैक लिया। बीते दिन शहर मे कृषि मंडी रोड पर बनवाये गये रोटरी क्लॉक टावर का टीम ने अवलोकन कर सराहना की तथा रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन को एक अग्रणी क्लब की श्रेणी बताया। क्लब परिवार की और से टीम पदाधिकारियो का स्वागत सम्मान किया गया।

किट वितरण समारोह आयोजित

पावटा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में गुरुवार को पावटा प्रधान पूजा चौधरी के मुय आतिथ्य व शंभू दयाल गढवाल की अध्यक्षता एवं एसडीएमसी सदस्य रामपाल मीणा, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी के विशिष्ट आतिथ्य में निशुल्क साइकिल, टैबलेट पीसी, ब्यूटी वैलनेस कौशल विकास किट वितरण कार्यक्रम के दौरान 30 साइकिल, 5 टैबलेट पीसी, 47 ब्यूटी वैलनेस कौशल विकास किट का वितरण किया गया। वही कक्षा 9वीं की छात्राओ को सत्र 2024-25 की 30 छात्राओं को निशुल्क साईकिलो का वितरण किया गया। वही कक्षा 10 व 12 की छात्राओ को 5 टैबलेट पीसी, 47 ब्यूटी वैलनेस कौशल विकास किट दिये गए। प्रधान पूजा चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की बालिकाओं को एवं बालकों को राजकीय विद्यालय में अध्ययन करवाकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें वही दूर दराज से आने वाली बालिकाओ को इस योजना से लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित विद्यालय परिवार सहित रमेश वशिष्ठ, नेहा गर्ग, सतीदान यादव सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में शिरकत की। मंच संचालन विरेंद्र अग्रवाल व्यायाता ने किया।

3 दिन से बोरवेल में फंसे आर्यन की मौत

दौसा। पापड़दा के ग्राम कालीखाड़ की ढाणी में 3 दिन से बोरवेल में फंसे आर्यन (5) की मौत हो गई। आर्यन को बुधवार रात करीब 11:45 बजे 57 घंटे बाद बोरवेल से बाहर निकाला गया। हाथोहाथ एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस से उसे अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। गांव कालीखाड़ की छोटी-सी ढाणी में पांच साल का आर्यन अपनी मासूम हंसी और शरारतों से सबका दिल जीत लेता था। सोमवार को वह अपनी मां गुड्डी देवी के साथ खेलते-खेलते घर से कुछ दूर चला गया। मां का ध्यान पल भर के लिए भटका और तभी वो हादसा हो गया, जिसे कोई सोच भी नहीं सकता था। आर्यन खुले पड़े बोरवेल के पास खेलते-खेलते उसमें फिसल गया। गहराई लगभग 100 फीट थी। एक पल में ढाणी का शांत माहौल मातम में बदल गया। गांव के लोग, आर्यन के पिता, और उसकी मां गुड्डी देवी-सबकी आंखों में डर और बेचैनी थी।

किसान सम्मेलन का आयोजन आज

टोंक। राजस्थान सरकार की वर्षगांठ के तहत शुक्रवार, 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे कृषि ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त जारी करने, किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण, फार्म पौंड, पाइप लाइन, तारबंदी, वर्मी कम्पोस्ट, कृषकों को कृषि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वीकृतियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए जाएंगे।